Johnson Matthey
Inspiring science, enhancing life



# सही कार्य करना।
# एक साथ।

आचार संहिता

# हमारी संहिता

हमारी आचार संहिता सही कार्य करने से संबंधित जॉनसन मैथे की प्रतिबद्धता की नींव है।

यह एक ऐसी मार्गदर्शिका है जो हमें बताती है कि व्यवसाय को नैतिक तरीके से, निष्पक्ष तरीके से और जिम्मेदारी के साथ कैसे किया जाता है, और जो हमारा है उसकी रक्षा कैसे करनी चाहिए। इसके अलावा इससे यह भी सुनिश्चित होता है कि हम एक दूसरे का ख्याल रखते हैं और हम जो भी करते हैं उसमें स्थिरता को समाहित करते हैं।

इस संहिता में इस बात का उल्लेख है कि अच्छा व्यवहार कैसा दिखता है और यह नैतिक निर्णय लेने में हमारी मदद करता है। यह सिर्फ JM सहकर्मियों के लिए ही नहीं बल्कि हमारे सही हितधारकों के लिए प्रासंगिक है जिसमें आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों से लेकर साझेदार, एजेंट्स, निवेशक और व्यापक समुदाय भी शामिल हैं।

इससे हमें यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि हम सही कार्य कर रहे हैं। एक साथ।

**हमारी प्रतिबद्धताओं** और सही कार्य करने का क्या मतलब है

मुझे वहां ले चलें

**समझें कि** निर्णय लेने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन करने के लिए संहिता का उपयोग कैसे किया जाता है

मुझे वहां ले चलें

क्या करना है, यह सुनिश्चित नहीं होने पर **मदद ढूंढें**

मुझे वहां ले चलें

कोई गंभीर चिंता का विषय होने पर **बात करें**

मुझे वहां ले चलें

अगले पृष्ठ या खंड में जाने के लिए इस नेविगेशन बार का उपयोग करें




# अपनी भूमिका निभाना

सही कार्य करने में वे सभी कार्य शामिल हैं जो हम यहाँ करते हैं। नैतिक तरीके से व्यवहार करना, अच्छे निर्णय लेना और जवाबदेही स्वीकार करना यह सब हमारी ही जिम्मेदारी हैं, चाहे हमारी भूमिका जो भी हो।

एक नैतिक संस्कृति हमें गौरवान्वित करती हैं कि हम कौन हैं और कहाँ काम करते हैं। यह हमें अधिक मजबूत और अधिक लचीला बनाती है, और यह हमारी निरंतर सफलता का एक जरूरी हिस्सा है।

**Liam Condon (लियाम कोंडोन),**
मुख्य कार्यकारी



# हमारे आदर्श, हमारी संस्कृति की नींव

अपनी आचार संहिता का पालन करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम एक ऐसे तरीके से व्यवहार करते हैं जो हमारे आदर्शों के अनुरूप है।

ये आदर्श हमारे काम करने के तरीकों को परिभाषित करते हैं और इनसे यह भी पता चलता है कि जब हम अपने सर्वोत्तम रूप में होते हैं तब हम कैसे कार्य करते हैं।

ये जॉनसन मैथे की संस्कृति, और हमारी कंपनी के व्यक्तित्व की नींव हैं, और ये ही निर्धारित करते हैं कि हमारे लिए क्या महत्वपूर्ण है।

## सत्यनिष्ठा के साथ काम करना

शब्दों और कार्यों के माध्यम से सही कार्य करना – तब भी जब कोई देख न रहा हो। ईमानदारी, निष्पक्षता और शालीनता के साथ व्यवहार करना।

## लोगों और ग्रह की रक्षा करना

स्वास्थ्य और सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों का पालन करना, कल्याण को बढ़ावा देना और हमारे ग्रह की रक्षा करना।

## एक साथ काम करना

JM के भीतर और बाहर साथ मिलकर काम करने की भावना को बढ़ावा देना और विविध दृष्टिकोणों को अपनाना; दूसरों का सम्मान करना और उनकी परवाह करना।

## नवाचार करना और बेहतर बनना

नए विचारों को अपनाना और उनके अनुसार ढलना, परिवर्तन के माध्यम से आत्मविश्वासी और लचीला बनना; हमारे चयनित बाजारों में आगे रहना।

## हम जो करते हैं उसका स्वामित्व ग्रहण करना

हमारे अपने काम की जवाबदेही स्वीकार करना और स्वयं से और अपने सहकर्मियों से उच्च मानकों की मांग करना।

# हमारी संहिता संबंधी प्रतिबद्धताएं

हमारी संहिता संबंधी प्रतिबद्धताएं, हमारे आदर्शों का समर्थन करती हैं। वे कार्यस्थल को परिभाषित करने में मदद करती हैं जहाँ हम सब काम करना चाहते हैं और हमारे काम के लिए महत्वपूर्ण रोजमर्रा के सिद्धांतों में से कुछ को रेखांकित करते हैं।

## हमारी प्रतिबद्धताएं हैं:

प्रत्येक प्रतिबद्धता के बारे में जानने के लिए आइकन्स के ऊपर होवर करें।

**नैतिक तरीके से, जिम्मेदारी के साथ और निष्पक्ष तरीके से व्यवसाय करना**

**एक दूसरे का ख्याल रखना**

**जो हमारा है उसकी रक्षा करना**

**हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों में स्थिरता को समाहित करना**

# निर्णय लेने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन के लिए संहिता का उपयोग करना

JM में अच्छे व नैतिक निर्णय लेना आपकी भूमिका के लिए महत्वपूर्ण है और हमारा निर्णय निर्माणकारी टूल, आपके रास्ते में आ सकने वाले कठिन निर्णयों को नेविगेट करने में आपकी मदद कर सकता हैं।





# अच्छे निर्णय लेना

**आप पर भरोसा किया जाता है कि आप JM में अच्छे निर्णय लेंगे।**

लेकिन कभी-कभी आपको कठिन निर्णयों का भी सामना करना पड़ सकता है जहाँ यह स्पष्ट नहीं हो पाता है कि सही कार्य क्या है। ऐसे मामलों में आपको रुक जाना चाहिए, समस्या के बारे में अच्छी तरह सोचना चाहिए और हमारे निर्णय निर्माणकारी टूल की मदद लेनी चाहिए (पेज 8 देखें)। यदि आप अभी भी सुनिश्चित नहीं हैं तो मदद मांगें।

आपको स्वयं या बिना किसी सहारे के कभी भी कठिन निर्णय लेने की जरूरत नहीं है।

हमारा वार्षिक **ऑनलाइन आचार संहिता प्रशिक्षण** आपको अच्छे, नैतिक विकल्प चुनने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और आत्मविश्वास प्रदान करता है। आपके इनबॉक्स में दिखाई देते ही अपना प्रशिक्षण जरूर पूरा कर लें।

# निर्णय निर्माणकारी टूल

हमारे निर्णय निर्माणकारी टूल को किसी कठिन निर्णय से सामना होने पर आपकी मदद के लिए तैयार किया गया है।

**नैतिक दुविधा या निर्णय पर विचार करें जो आपको लेने की जरूरत है। तो पूछताछ करें...**

**क्या यह मुझे सही लगता है?**

**क्या यह हमारी नीतियों का पालन करता है?**

**क्या यह हमारे आदर्शों और हमारी संहिता के अनुरूप है?**

**क्या मैं इसे अपने दोस्तों या परिवार को आराम से समझा पाऊंगा?**

**क्या यह न्यायसंगत है?**

**क्या सोशल मीडिया पर इसके दिखाई देने पर मैं खुश हो जाऊंगा?**

यदि आपका जवाब नहीं है, अथवा यदि आप इनमें से किसी भी सवाल का जवाब यकीन के साथ नहीं दे सकते हैं तो आपको **रुक जाना** चाहिए और पूछना चाहिए कि आगे क्या करना चाहिए।



# अच्छे लोग गलत कार्य क्यों कर सकते हैं?

कोई अनुचित तरीके से काम करता हुआ दिखाई देने पर तहमारे किसी चैनल के माध्यम से आवाज उठाएं या बात करें। हमारे यहाँ प्रतिशोध के लिए कोई जगह नहीं है।

**अच्छे लोग कई कारणों से गलत कार्य कर सकते हैं:**

और जानने के लिए नीचे दिए गए प्रत्येक कारण पर होवर करें।

- **वे दबाव में हैं**
- **वे बाकी सब लोगों से अलग दिखना नहीं चाहते हैं**
- **वे स्वयं को राजी कर लेते हैं कि कोई काम ठीक है क्योंकि इससे उन्हें वह चीज मिलती है जो उन्हें लगता है कि वे उसके लायक हैं**
- **वे बस परवाह नहीं करते हैं अथवा सोचते हैं कि कोई इस पर ध्यान नहीं देगा**

# मदद मांगना, चिंता व्यक्त करना

यदि आप कुछ ऐसा देखते या सुनते हैं जो सही नहीं लगता है, या यदि आप कोई गलती करते हैं तो चुप रहने के बजाय मदद मांगना हमेशा बेहतर होता है।

आप इसे कई तरह से कर सकते हैं...





# आप...

## अपने प्रबंधक से बात कर सकते हैं

यदि आपके मन में कोई सवाल है, यदि आपको आगे की सलाह चाहिए या यदि आप कोई चिंता व्यक्त करना चाहते हैं तो आपको सबसे पहले अपने प्रबंधक के पास ही जाना होगा। यदि आप अपने प्रबंधक से बात करने में असहज महसूस करते हैं तो किसी दूसरे प्रबंधक या लीडर के पास जा सकते हैं।

## अपने स्थानीय एथिक्स एम्बेसडर का पता लगाएं

हमारे एथिक्स एम्बेसडर यहाँ आपको सही दिशा दिखाने तथा संहिता और नैतिक तरीके से काम करने से संबंधित आपके सवालों का जवाब देने के लिए ही हैं। अपने स्थानीय एथिक्स एम्बेसडर का पता लगाने के लिए, myJM पर 'Ethics Ambasssador' लिखकर खोज करें।

## HR (मानव संसाधन) या कानूनी व्यक्ति से संपर्क करें

HR (मानव संसाधन) या कानूनी व्यक्ति से सीधे सवाल पूछें, सलाह मांगें या चिंता व्यक्त करें।

## बात करें

बात करने की लाइन के माध्यम से गंभीर चिंताओं के बारे में बात करें और जानने के लिए पेज 14 पर जाएं।

# हमारा एथिक्स एम्बेसडर नेटवर्क यहाँ मदद करने के लिए ही है

हमारे पास एथिक्स एम्बेसडर का एक लम्बा-स्थापित वैश्विक नेटवर्क है। व्यवसाय से जुड़े ये कर्मचारी, JM में आचार संहिता को समाहित करने में मदद करने के लिए अपनी इच्छा से अपना कीमती समय देते हैं।

एथिक्स एम्बेसडर आपके स्थानीय संपर्क व्यक्ति होते हैं और नैतिकता से संबंधित सवालों या चिंताओं के लिए आपको सबसे पहले इनसे ही संपर्क करना चाहिए। आपकी चिंता को आगे किसी और के पास भेजने की जरूरत पड़ने पर वे आपको किसी और रिसोर्स के पास भेज सकते हैं या सलाह दे सकते हैं कि आपको किससे बात करनी चाहिए।

**हमने अधिकांश JM साइटों में एथिक्स एम्बेसडर की व्यवस्था कर रखी है। अपने स्थानीय एथिक्स एम्बेसडर का पता लगाने के लिए, myJM पर 'Ethics Ambasssador' लिखकर खोज करें।**



**“100 से आधिक एथिक्स एम्बेसडर की मदद से, हम अपनी साइटों को अच्छी तरह जानते हैं। आपके मन में नैतिक व्यवहार और सही कार्य करना के बारे में कोई सवाल या चिंता होने पर कृपया हमें बताएं कि हम आपकी कैसे मदद कर सकते हैं।”**


**क्या आप जानते थे...**

यदि आपके मन में सहकर्मी के साथ बातचीत या रोजगार की हालत के बारे में कोई चिंता है तो आप आगे की सलाह और मार्गदर्शन के लिए हमारी **एक साथ कार्य करना नीति** की मदद ले सकते हैं।



# सभी लोक प्रबंधकों से संपर्क करना

यदि आप एक लोक प्रबंधक हैं तो नैतिक व्यवहार को बढ़ावा देना और यह सुनिश्चित करना आपकी विशेष जिम्मेदारी है कि सहकर्मी हमेशा सही कार्य करते हैं।



**आपको:**

- हमारी आचार संहिता का लगातार पालन करके और हमारे आदर्शों के अनुसार जीवनयापन करके एक रोल मॉडल बनना चाहिए।
- ऐसे व्यवहार के लिए अपनी टीम को जवाबदेह ठहराना चाहिए जो हमारी संहिता के अनुरूप नहीं है।
- सही कार्य करने का क्या मतलब है, इस संबंध में अक्सर अपनी टीम के साथ बात करनी चाहिए – और विशिष्ट उदाहरण भी देना चाहिए।
- कठिन बातचीत करने से कभी संकोच नहीं करना चाहिए।
- अपनी टीम की बात सुनने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए उनके पास उपस्थित रहना चाहिए।
- टीम के सदस्यों के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करना चाहिए ताकि वे चिंताएं व्यक्त कर सकें।
- प्रतिशोध के लिए शून्य सहिष्णुता का प्रदर्शन करना चाहिए।
- सुनिश्चित करना चाहिए कि आपकी टीम वार्षिक आचार संहिता प्रशिक्षण को पूरा करती है।

# गंभीर चिंताओं के बारे में बात करें

ऐसा समय भी आ सकता है जब आपको संदेह हो या ऐसा कोई व्यवहार देखने या सुनने को मिले जो असुरक्षित, अनैतिक, गैरकानूनी हो या हमारी संहिता की भावना, नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुरूप न हो।

इस स्थिति में, कृपया बात करें।



# कैसे बात करनी चाहिए

हम आपको हमेशा यही सुझाव देते हैं कि यदि आपको किसी गंभीर चिंता के बारे में बताना है तो आपको सबसे पहले अपने प्रबंधक से बात करनी चाहिए। हालांकि, हम समझते हैं कि कभी-कभी यह कठिन हो सकता है। इसीलिए हमने एक बात करने की लाइन की व्यवस्था की है जो एक गोपनीय टेलीफोन और ऑनलाइन सेवा है, जिसे JM पर निर्भर रहे बिना संचालित किया जाता है।

## कैसे बात करनी चाहिए

आप **speakup.matthey.com** पर जाकर हमारी बात करने की लाइन के माध्यम से या नीचे दिए गए QR कोड को स्कैन करके गंभीर चिंताओं के बारे में बता सकते हैं।

## इंतजार न करें

आप जितनी जल्दी बात करेंगे, उतनी ही जल्दी समस्या का समाधान निकल सकता है। कुछ गलत हो जाने का इंतजार न करें या बात करने के लिए दूसरों के भरोसे न रहें।

जब आप अपनी चिंता के बारे में बता देते हैं तब हम यह सुनिश्चित करने की पूरी कोशिश करते हैं कि सभी स्पीक अप (बात करने) को जल्दी से और अच्छी तरह निपटारा किया जाता हो।

## गोपनीयता और गुमनामी

जब आप बात करते हैं तो आपके द्वारा दी जाने वाली जानकारी को गोपनीय तरीके से निपटारा किया जाएगा। हम समझते हैं कि कुछ परिस्थितियों में आप खुलकर चिंताओं के बारे में बात करने में सहज महसूस नहीं भी कर सकते हैं। इसलिए, जहाँ कानूनी रूप से अनुमति होगी वहां आप गुमनाम तरीके से बात कर सकते हैं।

# हम कभी प्रतिशोध की अनुमति नहीं देते हैं

हम आपको सद्भावना के साथ बात करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और हम ऐसा करने वाले कर्मचारियों की रक्षा करेंगे। बात करने वालों के खिलाफ प्रतिशोध के दावों को बड़ी गंभीरता से लिया जाता है। प्रतिशोध साबित होने पर, अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी जिसके तहत नौकरी से बर्खास्त भी किया जा सकता है।



**याद रखें, बोलना हमेशा आसान नहीं होता है, लेकिन ऐसा करना एक सही कार्य है।**

**बात करना सबके लिए है।** चाहें आप एक JM कर्मचारी हों, या साझेदार, या आपूर्तिकर्ता, या ग्राहक, या ठेकेदार, या एजेंट, या मूल्य श्रृंखला का अन्य सदस्य।

बात करने की प्रक्रिया के बारे में सम्पूर्ण मार्गदर्शन के लिए, कृपया **JM की बात करने की नीति और मार्गदर्शन**देखें।

Johnson Matthey
Inspiring science, enhancing life

# सही कार्य करना।
# एक साथ।